तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 साल्हेभाट के सुशासन तिहार शिविर में जनसंवाद...




14 464 लाख की मिली सौगात, सामुदायिक स्वास्थ्य...



## खबर संक्षेप

### मरम्मत के बाद जामपारा में पेयजल आपूर्ति शुरू



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कनेचुर के आश्रित ग्राम जामपारा में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत क्रेडा द्वारा सोलर ड्यूल पंप का स्थापना कार्य किया गया है। निरीक्षण में पाया गया कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा सोलर ड्यूल पंप संयंत्र के इनलेट गेट वाल्व को बन्द कर दिया गया था, जिसके कारण संयंत्र के टंकी में पानी नहीं चढ़ पा रहा था। क्रेडा के मैकेनिक द्वारा तत्काल इनलेट गेट वाल्व को चालू किया गया, जिससे संयंत्र की टंकी में सुचारू रूप से पानी चढ़ने लगा है।

### फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत खैरखेड़ा के तालाब पास ग्रामीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक खैरखेड़ा निवासी 50 वर्षीय राम कोर्राम पिता स्व. हीरालाल ने 2 मई को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने आत्महत्या किस कारण से किया, यह फिलहाल पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### सुरूंगदोह में 9 को समाधान शिविर

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 9 मई को ग्राम पंचायत सुरूंगदोह के प्राथमिक शाला परिसर बाजार स्थल में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में ग्राम पंचायत सुरूंगदोह, चांउरगांव, गौड़पाल, गुदुम, हामंतवाही, कोड़ेकुसी, कराकी, जाड़ेकुसी, कोड़े, मगहुर, पचांगी, सराधुघमरे, करकापाल, कोडरुंज, ओटेकसा एवं चिखली के ग्रामीण शामिल होंगे। यह शिविर आसपास के ग्रामीणों के लिए प्रशासन से सीधे जुड़ने और अपनी समस्याओं का त्वरित समाधान प्राप्त करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा।

### मनीषदेव रिटर्निंग आफिसर नियुक्त

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नगरपालिका निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम 1994 के नियम 13 एवं 14 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनीष देव साहू को नगर पंचायत पखांजूर वार्ड क्र.-09 में उप निर्वाचन-2026 के लिए रिटर्निंग आफिसर नियुक्त किया है।

### पीईटी प्रवेश परीक्षा 14 को 197 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा पीईटी प्रवेश परीक्षा 14 मई गुरूवार को पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 01.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के 197 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी और व्याख्याता लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा के लिए भानुप्रतापदेव शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कांकेर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

# वित्त मंत्री के बयान के बाद आमाबेड़ा को सड़क मिलने की बढ़ी संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उत्तर बस्तर की पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच बसे आमाबेड़ा क्षेत्र की सड़क आज भी विकास की बाट जोह रही है। वर्षों से ग्रामीणों की सबसे बड़ी जरूरत बनी यह सड़क अब राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बन चुकी है। सवाल यही उठ रहा है कि आखिर आमाबेड़ा सड़क निर्माण की माँग से जुड़े दस्तावेज कहाँ दब गए? इसी बीच मंत्री के बयान ने एक बार फिर उम्मीद जगा दी है। मंत्री ने साफ कहा है कि जैसे ही प्रस्ताव और माँग आएगी, तुरंत राशि उपलब्ध करा दी जाएगी। अब निगाहें प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर टिक गई हैं कि आखिर यह प्रस्ताव कब तक सरकार तक पहुँचेगा।

## आमाबेड़ा के पाँच दर्जन गांव के लोग 8 साल से सड़क की कर रहे माँग

### राशि जारी करने में देर नहीं लगेगी

कांकेर प्रवास पर बुधवार को पहुंचे वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हरिभूमि से विशेष चर्चा में कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आमाबेड़ा सड़क निर्माण की विधिवत माँग और प्रस्ताव संबंधित विभाग तक पहुँचते ही राशि स्वीकृत करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू कर दी जाएगी। मंत्री ने कहा कि सरकार विकास कार्यों में किसी तरह की बाधा नहीं आने देना चाहती।



### विकास की नई राह खुलेगी

ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की उम्मीदें अब फिर जाग उठी हैं। लोगों का मानना है कि यदि इस बार विभाग ने तत्परता दिखाई तो आमाबेड़ा क्षेत्र की वर्षों पुरानी सड़क समस्या का समाधान हो सकता है। सड़क बनने से न केवल आवागमन आसान होगा, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के क्षेत्र में भी विकास की नई राह खुलेगी। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि आमाबेड़ा सड़क की माँग के दस्तावेज आखिर कहाँ दबे पड़े हैं और उन्हें बाहर निकालने की जिम्मेदारी कौन निभाएगा।

आमाबेड़ा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क नहीं होने से उन्हें हर दिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। मरीजों को अस्पताल पहुँचाने से लेकर बच्चों की पढ़ाई और किसानों की उपज बाजार तक पहुँचाने में बड़ी दिक्कतें आती हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार सड़क निर्माण की माँग उठाई गई, ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन फाइलें आगे नहीं बढ़ीं। अब लोगों के मन में यह सवाल गूंज रहा है कि आखिर उन माँग पत्रों और दस्तावेजों का क्या हुआ, जो वर्षों पहले प्रशासन को सौंपे गए थे। इसके अलावा रायपुर में लोक निर्माण विभाग को एवं वित्त विभाग के लिए कलेक्टर का भी माँग पत्र गया है, यह दस्तावेज विभागों के फाइलों में कहाँ दब गए, यह रायपुर के आला अधिकारी ही जान सकते है।

## अभ्यास : भारी वाहनों को अंतागढ़ मार्ग से निकालने की हो रही तैयारी

# नारायणपुर-अंतागढ़ मार्ग पर लौह अयस्क वाहनों की आवाजाही पर तनाव की नौबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- अंतागढ़ में पुलिस जवानों को माकड्रिल के माध्यम से किया जा रहा तैयार

नारायणपुर से कोंडागांव की ओर जाने वाले लौह अयस्क परिवहन को आगामी तीन से चार माह के लिए नारायणपुर-अंतागढ़ मार्ग की ओर मोड़ने की तैयारी ने पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। कांकेर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग इस वैकल्पिक मार्ग को शुरू करने की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस मार्ग पर बसे गांवों के लोग शुरू से ही भारी वाहनों की आवाजाही का विरोध करते आ रहे हैं। अब प्रशासनिक गतिविधियां बढ़ने के साथ ग्रामीणों की चिंता और आक्रोश भी खुलकर सामने आ सकते है।

जानकारी के अनुसार, लौह अयस्क से भरे सैकड़ों भारी वाहन आने वाले महीनों में नारायणपुर से अंतागढ़ होते हुए गुजर सकते हैं। यह मार्ग पहले से ही संकरा, कई स्थानों पर जर्जर तथा निर्माणाधीन स्थिति में है, जिससे ग्रामीणों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंगल रोड पर भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाएगा। स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और रोजमर्रा के आवागमन करने वाले ग्रामीणों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि भारी वाहनों के कारण गांवों में धूल, प्रदूषण और कंपन जैसी समस्याएं गंभीर रूप ले सकती हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ने की संभावना है। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों के गुजरने से मकानों में दरारें आने का खतरा भी बना रहेगा। स्थानीय लोगों ने पूर्व में कई बार ज्ञापन, प्रदर्शन और आंदोलन के माध्यम से इस प्रस्ताव का विरोध किया है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा मार्ग परिवर्तन की कोशिशों से क्षेत्र में नाराजगी का माहौल बनना तय है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**जनप्रतिनिधियों पर उठने लगे सवाल :** इस पूरे मामले में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अब तक इस गंभीर विषय पर कोई ठोस पहल नहीं की है। यदि समय रहते प्रशासन, जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों के बीच संवाद स्थापित नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में स्थिति तनावपूर्ण हो सकती है। यह केवल सड़क और परिवहन का मामला नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सुरक्षा और सामाजिक संतुलन से जुड़ा मुद्दा है।



### माकड्रिल की चर्चा गांव तक पहुँची

अंतागढ़ क्षेत्र में चर्चा है कि पुलिस प्रशासन ने संभावित विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करनी शुरू कर दी है। अंतागढ़ क्षेत्र में पुलिस विभाग द्वारा जवानों को विशेष प्रशिक्षण और मॉक ड्रिल कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि विरोध प्रदर्शन की स्थिति में भीड़ को नियंत्रित करने, मार्ग खाली कराने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मॉक ड्रिल की खबर सामने आने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में यह चर्चा और तेज हो गई है कि प्रशासन किसी भी कीमत पर लौह अयस्क वाहनों का संचालन शुरू करना चाहता है।

## नए पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा पिच्चेकट्टा का मावली हिल्स वॉटर एडवेंचर का शुभारंभ



**भानुप्रतापपुर।** प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे भानुप्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुल्ला स्थित पिच्चेकट्टा जलाशय को मावली हिल्स वॉटर एडवेंचर के रूप में विकसित किया गया है, जिसका शुभारंभ बुधवार 06 मई को उत्साह और जनसहभागिता के बीच किया गया। इस पहल से न केवल क्षेत्रीय पर्यटन को नई पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद भोजराज नाग ने कहा कि कांकेर जिले में पिच्चेकट्टा जैसे सैकड़ों खूबसूरत पर्यटन स्थल मौजूद हैं, लेकिन वर्षों तक माओवादियों के आतंक के कारण इन स्थानों का समुचित विकास नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि अब बस्तर की पहचान बंदूक और बारूद से नहीं, बल्कि पर्यटन, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत से होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव शाह की दृढ़ इच्छाशक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि नक्सलवाद अब समाप्ति की ओर है और विकास की नई धारा बस्तर में बह रही है। भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि पिच्चेकट्टा जलाशय प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर स्थल है, जहां पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि पहले जिन ▶▶| शेष पेज 12 पर

# आधे घंटे के तूफान ने छीना किसानों का निवाला, खेतों में सो गई धान की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

कहते हैं कि खेती किस्मत का खेल है, लेकिन मंगलवार की शाम चारामा क्षेत्र के किसानों पर कुदरत का जो कहर टूटा, उसने उनकी कमर तोड़कर रख दी है। महज आधे घंटे की तेज आंधी, तूफान और मूसलाधार बारिश ने उन फसलों को मिट्टी में मिला दिया, जिन्हें किसान पिछले तीन महीनों से अपनी आंखों की पुतली की तरह सींच रहे थे।

खेतों में धान की फसल पककर तैयार थी, बालियां लहरा रही थीं और किसान महज कुछ दिनों बाद कटाई शुरू करने की योजना बना रहे थे, लेकिन मंगलवार की शाम अचानक मौसम ने करवट ली और 100 किमी/घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने खड़ी फसल को जमीन पर सुला दिया। देखते ही देखते लबालब भरे पानी में डूबी फसल अब बर्बाद होने की कगार पर है। यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं है, बल्कि उन उम्मीदों की हार है जो किसानों ने इस सत्र से लगाई थी। कई किसानों ने इस उम्मीद में मेहनत की थी कि फसल बेचकर वे अपनी आर्थिक स्थिति सुधारेंगे या घर की जरूरतों को पूरा करेंगे। क्षेत्र के अधिकांश किसानों ने साहूकारों या बैंकों से कर्ज लेकर बीज और खाद का इंतजाम किया था। अब फसल बर्बाद होने के बाद उनके सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि वे कर्ज कैसे चुकाएंगे और अगले सीजन की तैयारी कैसे करेंगे?

किसानों की निगाहें प्रशासन और सरकार की ओर टिकी हैं। प्रभावित किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कराया जाए और उन्हें उचित मुआवजा राशि प्रदान की जाए ताकि वे इस बड़े आर्थिक संकट से उबर सकें।





### तेंदूपत्ता फड़ों में हुआ नुकसान

बरकाछार क्षेत्र में मंगलवार शाम आए आंधी-तूफान और ओलावृष्टि से तेंदूपत्ता फड़ों को भारी नुकसान पहुँचा है। बेमौसम बारिश और ओलों के कारण कई संग्रहण केंद्रों में रखे पत्ते टूट गए तथा सड़न की आशंका बढ़ गई है। नुकसान का जायजा लेने डिप्टी एमडी नुसरत तबा, एसडीओ श्री मरावी और प्रभारी रेंजर श्रीमाली मैडम ने प्रभावित गांवों का दौरा किया। जनपद सदस्य अमिता बंजारे व स्थानीय सरपंच भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके बाद शासन के निर्देशानुसार मुआवजा प्रक्रिया शुरू होगी।

## 22 साल देश की सेवा कर ग्राम लौटने पर भुनेहवर का कानापोड़ में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

देश की सीमाओं की रक्षा में अपने जीवन के सुनहरे 22 वर्ष समर्पित करने के बाद चारामा तहसील के ग्राम कानापोड़ (लखनपुरी) के निवासी भुवनेश्वर साहू भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम लौटे। सेना में मानद हवलदार के पद से सेवानिवृत्त होकर लौटे इस जांबाज सैनिक का ग्रामीणों, परिजनों और पूर्व सैनिक परिषद ने फूल-मालाओं और गाजे-बाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया।

जानकारी के अनुसार कानापोड़ निवासी किसान स्व1 ब्रजलाल साहू और धनमीन बाई के सुपुत्र भुवनेश्वर साहू अप्रैल 2002 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे, उनकी ट्रेनिंग बेलगाम (कर्नाटक) में हुई। अपने 22 साल के लंबे कार्यकाल में उन्होंने देश के विभिन्न दुर्गम और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर में पहली पोस्टिंग और अंत में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी यहीं तैनात रहे। उसके उपरांत लेह-लद्दाख (ग्लेशियर) शून्य से नीचे के तापमान में देश की सुरक्षा में तैनात रहे। यहाँ से दिल्ली एनएसजी में विशिष्ट सेवा का अवसर भी मिला। इसके अलावा ग्वालियर, असम और केरल में भी अपनी सेवाएं प्रदान कीं। 30 अप्रैल को सेना से कार्यमुक्त होने के बाद, 2 मई की शाम जब वे रायपुर पहुंचे, तो वहां से उनके स्वागत का सिलसिला शुरू हुआ। न्यू रायपुर से लेकर कानापोड़ तक जगह-जगह उनका अभिनंदन किया गया। लखनपुरी, बेल्टोखाता और मंदिर चौक से होते हुए कानापोड़ तक उन्हें एक भव्य रैली के रूप में लाया गया। ▶▶| शेष पेज 12 पर



## पोषण, शिक्षा और जनसहभागिता को बढ़ावा देने का बना माध्यम

# आंगनबाड़ी के न्योता भोज में विधायक ने परोसा भोजन और चखा स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उत्तर बस्तर कांकेर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में गुरूवार को न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और आत्मीयता के साथ किया गया। जिले के विभिन्न गांवों में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर बच्चों के साथ भोजन किया तथा आंगनबाड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में कांकेर विधायक आशाराम नेताम बेवर्ती ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों को भोजन परोसा और स्वाद भी चखा। इस अवसर पर डीपीओ विपिन जैन एवं सरपंच विष्णु नेताम की भी मौजूदगी रही।

आयोजित न्यौता भोज कार्यक्रम के दौरान विधायक आशाराम नेताम ने बच्चों के पालको और बच्चो से पढ़ाई, खेलकूद और भोजन की गुणवत्ता को लेकर बातचीत की। उन्होंने छोटे बच्चों से आत्मीय मुलाकात करते हुए उन्हें नियमित रूप से आंगनबाड़ी आने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। विधायक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण देने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली पाठशाला हैं। यहां बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। ▶▶| शेष पेज 12 पर





### बच्चों के भविष्य को मिला संबल

आंगनबाड़ी केंद्र के स्टाफ ने विधायक को केंद्र में संचालित योजनाओं और बच्चों की उपस्थिति की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने बताया कि शासन की योजनाओं के तहत बच्चों और गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है। विधायक ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में भी वे बेहतर कार्य कर रही हैं।

## शक्ति केंद्र से मतदान केंद्र तक संगठन मजबूत करने कार्यकर्ताओं को मिला मंत्र



**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आव्हान पर भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर की महत्वपूर्ण मंडल स्तरीय बैठक लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में हुई और इस बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

आयोजित बैठक मंडल प्रभारी विजय मंडावी की उपस्थिति एवं मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे की अध्यक्षता में हुई, जिसमें में शक्ति केंद्र स्तर पर नए प्रभारियों की नियुक्ति, मतदान केंद्रों तक कार्यकर्ताओं की पहुंच और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने की रणनीति बनाई गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और बूथ स्तर तक जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री राजा पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज देश की सबसे मजबूत संगठनात्मक शक्ति बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ▶▶| शेष पेज 12 पर

# मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान: डोर टू डोर जांच कार्य का प्रभारी सचिव ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान 'मावा बस्तर, मावा स्वास्थ्य' के अंतर्गत जिले में संचालित डोर–टू–डोर स्वास्थ्य जांच अभियान का प्रभारी सचिव भीम सिंह ने ग्राम बदवर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच प्रक्रिया का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अभियान की प्रगति की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में एनीमिया के मामलों की गंभीरता से जांच कर प्रभावित मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से बस्तर क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है।

## एनीमिया मरीजों के उपचार पर दिया जोर

### 45 प्रतिशत से अधिक आबादी की हो चुकी स्क्रीनिंग

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत जिले की कुल जनसंख्या के 45.17 प्रतिशत लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जांच के दौरान गंभीर बीमारी से प्रभावित 1266 मरीजों को बेहतर उपचार हेतु उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर किया गया है।



## जनगणना कार्य का बदवर में किया निरीक्षण

**कोण्डागांव।** जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में प्रथम चरण का कार्य 1 मई से प्रारंभ होकर 30 मई तक संचालित किया जा रहा है। इस चरण में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य किया जा रहा है। जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने बुधवार को धनोरा तहसील के ग्राम बदवर पहुंचकर जनगणना कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्य प्रगति की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने प्रगणकों से सीधे चर्चा कर कार्य की स्थिति जानी तथा एचएलओ मोबाइल ऐप के माध्यम से किए जा रहे डेटा संकलन का अवलोकन किया। उन्होंने प्रगणकों को निर्देश दिए कि सभी परिवारों की सही, अद्यतन और तथ्यात्मक जानकारी दर्ज करें, ताकि जनगणना के आंकड़े विश्वसनीय बन सकें। प्रभारी सचिव ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसे पूर्ण पारदर्शिता, जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ संपन्न किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, तहसीलदार धनोरा, चार्ज अधिकारी विजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### आईटीआई में मेगा प्लेसमेंट कैंप 11 मई को

**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में 11 मई को राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक आईटीआई परिसर में निरंतर चलेगा, जहाँ युवाओं को सीधे औद्योगिक संस्थानों से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। इस विशेष अभियान के बारे में जानकारी देते हुए शासकीय आईटीआई बस्तर के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी डॉ. एके मांडले ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को राष्ट्रीय स्तर के अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकृत कराना और उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों में अनुभव व रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

### भर्ती के लिए लगेगा ब्लॉक स्तरीय शिविर 11 से

**जगदलपुर।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण बस्तर द्वारा कैप्सटन सर्विसेज लिमिटेड हैदराबाद के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडों में सुरक्षा गार्ड एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती के लिए विशेष प्लेसमेंट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से ब्लॉक स्तर पर आयोजित की जाएगी, ताकि ग्रामीण अंचलों के युवाओं को उनके घर के पास ही रोजगार पाने का सुनहरा अवसर मिल सके। इस भर्ती अभियान की शुरुआत आगामी 11 मई को जनपद पंचायत बस्तर से होगी, जिसके बाद सिलसिलेवार ढंग से जिले के अन्य हिस्सों में शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार 12 मई को तोकापाल, 13 मई को लोहण्डीगुड़ा और 14 मई को बास्तानार जनपद पंचायत में पंजीयन की कार्यवाही की जाएगी। एक संक्षिप्त अंतराल के बाद 18 मई को दरभा जनपद पंचायत में शिविर लगेगा, वहीं 19 मई को जगदलपुर स्थित लाईवलीहुड कॉलेज में युवाओं की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस अभियान का समापन 20 मई को जनपद पंचायत बकावण्ड में आयोजित होने वाले अंतिम शिविर के साथ होगा। इन सभी स्थानों पर चयन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक निरंतर चलेगी।

### 4 पीड़ित परिवारों को दी गई 16 लाख की सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा से 4 पीड़ित परिवारों हेतु चार-चार लाख रूपए के मान से कुल 16 लाख रुपये की सहायता राशि की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत गंगानगर निवासी 15 वर्षीय महजबीन बेग की तालाब में डूबने से हुई मृत्यु के पश्चात उनके पिता ईस्माइल बेग को सहायता राशि दी गई है। इसी प्रकार, मगडू कचोरा के निवासी राजेश यादव की तालाब में डूबने से हुई आकस्मिक मृत्यु पर उनकी पत्नी पूर्णिमा यादव को राहत राशि प्रदान की गई है। नदी में डूबने की एक अन्य दुखद घटना में जान गंवाने वाली किरण देवांगन के मामले में उनकी बहन बिन्दा देवांगन को पात्र वारिस मानते हुए सहायता स्वीकृत की गई है। बुरूंदवाड़ा सेमरा के निवासी दयाराम की डबरी में डूबने से हुई मृत्यु के बाद उनकी पत्नी राजो को वित्तीय सहायता दी गई है।

### विशाल प्लेसमेंट कैंप 12 को

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार पाने का एक शानदार अवसर सामने आया है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 12 मई को एक दिवसीय विशाल प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के समीप आड़ावाल स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में आयोजित होने वाला यह कैंप सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चलेगा, जिसमें निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा कुल 305 विभिन्न पदों पर योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा।

## अपराध : पत्नीहंता को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# शराब पीने से मना व ताना मारने पर पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- आरोपी न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

जिले के चिपावंड डोंडियापारा में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को कोंडागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि पत्नी द्वारा शराब पीने से मना करने और बार–बार ताना देने से नाराज होकर उसने डंडे से हमला कर हत्या कर दी।

मामले में प्रार्थी सिंगलु मंडावी ने थाना कोंडागांव में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 अप्रैल को ग्राम खड़का के लोगों ने सूचना दी कि उसका साला पीतम उर्फ प्रीतम कोर्राम शराब के नशे में अपनी पत्नी सुखदई कोर्राम के साथ गाली–गलौज करते हुए डंडे से मारपीट कर रहा है और महिला बेहोश पड़ी हुई है। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां आरोपी फरार हो चुका था। गंभीर हालत में महिला को पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में बेहतर इलाज के लिए रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान 3 मई को उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद थाना कोंडागांव में आरोपी पीतम उर्फ प्रीतम कोर्राम पिता स्व. कार्तिक कोर्राम, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम चिपावंड डोंडियापारा के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी सतीश भार्गव एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।



### पूछताछ में आरोपी ने कबूला जुर्म

*जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी शराब पीने को लेकर लगातार ताना मारती थी, जिससे वह नाराज रहता था। इसी गुस्से में उसने घर में रखे मोटे डंडे से पत्नी के सिर पर हमला कर दिया। अपराध स्वीकार करने के बाद पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर परिजनों को सूचना दी तथा न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।*

### पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

*पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ उपाध्याय, उप निरीक्षक राजकुमार कोमरा, प्रधान आरक्षक अशोक मरकाम, साइबर सेल से सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र बघेल तथा आरक्षक संतोष कोड़ोपी और बिरजू सोरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। घटना ने एक बार फिर घरेलू हिंसा और नशे की गंभीर समस्या को उजागर किया है, जिसने एक परिवार की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं।*

# नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को तमिलनाडु से किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- पीड़िता को बहला फुसलाकर ले गया था आरोपी

जिले के विश्रामपुरी थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी को तमिलनाडु से ट्रेस कर कोंडागांव लाया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से मामले का खुलासा हुआ।

प्रार्थी सोमलाल यादव ने 16 अप्रैल को थाना विश्रामपुरी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसकी नाबालिग बेटी 6 अप्रैल की सुबह घर से बिना बताए कहीं चली गई है। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। परिजनों को आशंका थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बहला–फुसलाकर उसे अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर पहले गुम इंसान का मामला दर्ज किया गया, बाद में नाबालिग लड़की के मामले को गंभीरता से लेते हुए अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव के नेतृत्व में टीम गठित की गई।



### पूछताछ में आरोपी ने कबूला अपराध

थाना लाकर पीड़िता से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। वहीं आरोपी रघुनाथ यादव पिता फुलदेव यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम राकसबेड़ा मंदिरपारा थाना माकड़ी ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को 3 मई 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव, प्रधान आरक्षक देवार्चन सिदार, महिला प्रधान आरक्षक जयो चन्द्रवंशी, आरक्षक राम नाग तथा साइबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विश्रामपुरी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से न केवल पीड़िता को सुरक्षित वापस लाया गया, बल्कि आरोपी को भी कानून के शिकंजे तक पहुंचाया गया।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता के साथ करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- प्रभारी सचिव ने जिला स्तरीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह ने बुधवार को केशकाल विकासखंड के ग्राम धनोरा स्थित पीएमश्री स्कूल में सुशासन तिहार को लेकर सभी जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल भी उपस्थित रहे।

प्रभारी सचिव ने कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी पहल सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों को सभी विभाग गंभीरता से लें और नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों का संवेदनशीलता के साथ समुचित निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा सभी पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। प्रभारी सचिव ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का समय–सीमा में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में जिले में बिजली व्यवस्था सुधार के लिए निर्माण कायोंर् में तेजी लाने, राजस्व प्रकरणों के निराकरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के स्वीकृत आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। आवास निर्माण में राजमिस्त्रियों की कमी को देखते हुए प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



### किसानों को योजनाओं का लाभ देने के निर्देश

कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से सभी पात्र किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए। खाद एवं बीज की उपलब्धता तथा जांच व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान, सिकल सेल जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा टीबी मुक्त पंचायतों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। हर घर जल प्रमाणित गांवों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जिन गांवों में समस्या है वहां कार्य शीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। विद्यालयों में निर्धारित मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराने और बेहतर पढ़ाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### योजनाओं की हुई विस्तृत समीक्षा

बैठक में पीएम सूर्य घर योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण, मनरेगा, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लखपति दीदी पहल, समाज कल्याण एवं सहकारिता विभाग सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर डीएफओ श्रीमती दिव्या गौतम, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### बीमा कंपनी नामिनी को अदा करेगी बीमा क्षति राशि 6 लाख

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में बजाज अलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर द्वारा आवेदक को मृत पत्नि की बीमा क्षति दावा राशि 6 लाख रुपए एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए देगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी आवेदक रामेश्वर जायसवाल ने अपनी पत्नि दीनमनी जायसवाल के नाम पर बजाज अलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड जगदलपुर से बीमा करवा करवाया था। आवेदक की पत्नि की बीमा अवधि के दौरान मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेज सहित बीमा कंपनी के समक्ष बीमा दावा प्रस्तुत किया गया था। बीमा कंपनी द्वारा लंबे समय तक दावे का निराकरण नहीं किया गया था और पूर्व बीमारी छुपाने से बीमा शर्तों का उल्लंघन किए जाने के कारण आवेदक का दावा निरस्त किया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही कि आवेदक की पत्नि पूर्व में किसी बीमारी से पीड़ित थी।

# 14 पेड़ों के चलते उप पंजीयन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य नहीं हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ढाई माह पूर्व अनुबंध के बाद भी ठेकेदार को चिन्हित पेड़ों की कटाई का इंतजार

शहर के राजस्व परिसर में 71.41 लाख रुपए की लागत से नया अत्याधुनिक उप पंजीयन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए ढाई माह पूर्व हाऊसिंग बोर्ड ने मेसर्स रूबी कंस्ट्रक्शन से अनुबंध किया। स्थल में 14 पेड़ों के लिए ठेकेदार ने भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। बताया जा रहा है कि ठेकेदार को स्थल में चिन्हित पेड़ों की कटाई का इंतजार है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस नए भवन से डिजिटल रिकॉर्ड कीपिंग, बेहतर दस्तावेज सुरक्षा और आम जनता के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। संपत्ति पंजीकरण, दस्तावेज स्कैनिंग और रिकॉर्ड कीपिंग के लिए आधुनिक डिजिटल सिस्टम की व्यवस्था होगी।



पुराने दस्तावेजों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने के लिए विशेष कक्ष और तकनीक होगी। कार्यालय में आरामदायक वेटिंग एरिया, टोकन सिस्टम, पेयजल और दिव्यांग-अनुकूल सुविधाएं होंगी। बताया जा रहा है कि नए उप पंजीयक कार्यालयों के संचालन से पंजीयन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुगम होने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। लोगों को पंजीयन से जुड़े कार्यों में अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी।

## कोंडागांव जिले को मिली दोहरी उपलब्धि

# माकड़ी और फरसगांव सीएचसी राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों में प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के क्षेत्र में जिले ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

- स्वास्थ्य सेवाओं में जिले ने रचा नया कीर्तिमान

जिले के फरसगांव और माकड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स के तहत राष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त हुआ है। फरसगांव सीएचसी यह गौरव प्राप्त करने वाला जिले का पहला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बन गया है। सुदूर आंतरिक आदिवासी क्षेत्र में स्थित माकड़ी सीएचसी जिले का दूसरा तथा आकांक्षी ब्लॉक का पहला राष्ट्रीय प्रमाणित केंद्र बनकर उभरा है। केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ताओं की टीम ने दोनों स्वास्थ्य केंद्रों का दो दिवसीय गहन निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, मरीज सुविधाएं, स्वच्छता, प्रबंधन व्यवस्था और प्रोटोकॉल पालन का विस्तृत मूल्यांकन किया गया।



### जिले के अन्य उप स्वास्थ्य केंद्र भी प्रमाणित

इसके अतिरिक्त उप स्वास्थ्य केंद्र अनतपुर, भाकरा, किंवाइबलेगा, देवखारगांव और केरावाही भी नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स प्रमाणित हो चुके हैं। इस उपलब्धि से जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आमजन का भरोसा और मज़बूत होगा।

### डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की मेहनत रंग लाई

इस उपलब्धि में डॉक्टरों, नसोंर् और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की समर्पित मेहनत का अहम योगदान रहा। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के नेतृत्व में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. चतुर्वेदी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भावना महलवार ने समन्वय मजबूत बनाए रखा। वहीं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ की तकनीकी टीम ने भी निरंतर सहयोग दिया।

## पेज 11 के शेष

### आंगनबाड़ी में विधायक ...

न्यौता भोज के माध्यम से ग्रामीणों और अभिभावकों की सहभागिता भी देखने को मिली। ग्रामीण महिलाओं ने स्वयं भोजन बनाने और परोसने में सहयोग किया। कार्यक्रम में खिचड़ी, दाल, चावल, सब्जी और पौष्टिक व्यंजन बच्चों को परोसे गए। बच्चों ने भी उत्साह के साथ भोजन किया और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला समूह की सदस्याएं, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज और आंगनबाड़ी केंद्रों के बीच आत्मीय संबंध मजबूत करना तथा बच्चों के पोषण और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के 2140 आंगनबाड़ी केंद्रों में गुरूवार को न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### 22 साल देश की सेवा ...

देशभक्ति गीतों की गूंज और भारत माता की जय/" के नारों के साथ ग्रामीणों ने अपने लाडले सैनिक पर पुष्प वर्षा की।

**परिजनों और ग्रामीणों ने जताया गर्व :** सेवानिवृत्त जवान भुवनेश्वर साहू रात लगभग 9:10 बजे अपने पैतृक निवास पहुंचे, जहां परिजनों ने आरती उतारकर और तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय पूर्व सैनिक परिषद के सदस्य, ग्राम के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे। ग्रामीणों का कहना है कि भुवनेश्वर ने अपनी मेहनत और कर्तव्यपरायणता से न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे चारामा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

### नए पर्यटन केंद्र...

क्षेत्रों में माओवादियों की मौजूदगी के कारण विकास कार्य बाधित थे, वहां अब प्राथमिकता के आधार पर मूलभूत सुविधाओं और पर्यटन विकास के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मावली हिल्स में पर्यटकों की सुविधाओं के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं जिला प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, जनपद सदस्य विष्णु कचलाम, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, स्थानीय सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### शक्ति केंद्र से मतदान केंद्र...

की मेहनत और समर्पण ही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने और बूथ स्तर तक सक्रिय रहने का आग्रह किया। मंडल प्रभारी ने कहा कि हाल ही में तीन राज्यों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत यह दर्शाती है कि जनता भाजपा की नीतियों और सुशासन पर विश्वास कर रही है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। वहीं बैठक का संचालन एवं मार्गदर्शन करते हुए मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने कहा कि संगठन सर्वोपरि होता है, संगठन से बढ़कर कुछ नहीं होता। बैठक में राजिंदर रंधावा, न पं उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना, ढालनसिंह राणा, रमेश तिवारी, सरिता जोशी, सुमित्रा साहू, कौशल्या उईके, पार्षद गुमान सिंह ठाकुर, राजकुमार यादव, सीता चंद्राकर, उर्मिला जसूजा, रेवती कांगे, गीता ठाकुर, धर्मेंद्र रावटे, हिमांशु ठाकुर, डिकेश साहू, प्रेम शर्मा, मनोज रावटे, कौशल रामटेके, राकेश देवांगन, नरेंद्र सांवले, कृष्णा निषाद, राजेंद्र ध्रुव, भेनू दुग्गा, युवराज सिन्हा सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### इलेक्ट्रिशियन कोर्स के लिए काउंसिलिंग कल

**कांकेर।** जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए रोजगार स्व-रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनाने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30 सीटो में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन कोर्स में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण के लिए 09 मई शनिवार को लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक कांउसलिंग का आयोजन किया गया है।

### तकनीक और हौसले से महकी तुलसा बघेल की बाड़ी



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कलचा गांव की रहने वाली तुलसा बघेल आज ग्रामीण सशक्तिकरण की एक नई इबारत लिख रही हैं। कभी पारंपरिक खेती और संसाधनों के अभाव में गुजर-बसर करने वाली तुलसा ने तकनीकी सुधारों को अपनाकर न केवल अपनी किस्मत बदली है, बल्कि अपनी आधा एकड़ जमीन को भी आय का मुख्य स्रोत बना दिया है। उनके जीवन में बदलाव की यह कहानी साल 2020 में स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के साथ शुरू हुई, जहां से उन्होंने आत्मविश्वास और तकनीक की पहली सीख ली। शुरुआती दिनों में जानकारी के अभाव और सिंचाई की सुविधा न होने के कारण तुलसा केवल वर्षा आधारित खेती ही कर पाती थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने सबसे पहले मात्र 7 हजार रुपए का छोटा कर्ज लेकर बाड़ी विकास की दिशा में कदम बढ़ाया। कृषि विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में उन्होंने मचान विधि और लाइन कतार पद्धति जैसी उन्नत तकनीकों को अपनाया।

# साल्हेभाट के सुशासन तिहार शिविर में जनसंवाद के साथ सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

सुशासन तिहार-2026 एवं बस्तर मुन्ने अभियान के तहत गुरुवार को नरहरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हेभाट में विशाल क्लस्टर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की जानकारी ली।

**अलग खबर**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास और विश्वास के माध्यम से बस्तर सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदलने में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिससे गरीब परिवारों का पक्के घर का सपना पूरा हो रहा है। वहीं महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार 5500 रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेन्दूपत्ता खरीदी कर रही है, जिससे वनांचल क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि हर पात्र हितग्राही तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।

- गरीब परिवारों के पक्के घर का सपना पूरा हो रहा
- महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही



### ये रहे उपस्थित

*आयोजित कार्यक्रम में सरपंच कमलेश्वर नेताम, देवचंद नेताम, अजय ठाकुर, शंकर शोरी, माधव सिंह नेताम, मन्नु शोरी, मलती नेताम, लता बाई नेताम, एनबती कोर्राम, रेवती वट्टी, रंजन्तीन शोरी, उपसरपंच जगदेव मंडावी सहित वन परिक्षेत्र अधिकारी नरहरपुर सुदर्शन नेताम, वन परिक्षेत्र अधिकारी सरोना बीएस सूर्यवंशी, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी शिवप्रसाद मतलाम, पशु विभाग अधिकारी डॉ. नवीन कुमार नरेटी, डॉ. फलेन्द्र साहू, एसआई गोपाल नेताम, लेखापाल एमके सिद्दिकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।*

## विकास : मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, नहीं बनेगा रेफर सेंटर

# 464 लाख की मिली सौगात, सामुदायिक स्वास्थ्य भवन के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नए भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ। 464.40 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस नए भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल, संभाग कोण्डागांव द्वारा कराया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग एवं भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी उपस्थित रहीं।

भूमि पूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नया भवन बनने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध हो सकेगा। हालांकि कार्यक्रम के बीच स्वास्थ्य व्यवस्था की जमीनी हकीकत भी चर्चा का विषय बनी रही। वर्तमान में भानुप्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरों की कमी, मेडिकल मशीनों के अभाव और सीमित संसाधनों से जूझ रहा है। स्थिति यह है कि गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद बड़े शहरों में रेफर करना पड़ता है।

यही कारण है कि लोगों के बीच यह धारणा बनती जा रही है कि अस्पताल इलाज केंद्र से ज्यादा रेफर सेंटर बनकर रह गया है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि शासन नए भवन के साथ-साथ अस्पताल को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं और आवश्यक संसाधनों से भी सुसज्जित करेगा, ताकि मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहरों की दौड़ न लगानी पड़े। अब क्षेत्रवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि यह नया भवन केवल निर्माण तक सीमित रहेगा या वास्तव में स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव लेकर आएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनाराम तेता, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, जनपद सदस्य वरुण खापर्डे, विष्णु कचलाम, मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, राजीव श्रीवास, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी, लक्ष्मण कुलदीप सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



**सिर्फ भवन नहीं डॉक्टर और सुविधाएं भी चाहिए**

*नगरवासियों और ग्रामीणों का कहना है कि केवल नया भवन बना देने से स्वास्थ्य व्यवस्था नहीं सुधरेगी। अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, पर्याप्त मेडिकल स्टाफ और आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता भी उतनी ही जरूरी है।*

# साहू समाज की बैठक में सामाजिक एकता, कुरीतियां हटाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

परिक्षेत्रीय साहू समाज मावलीपारा अंतर्गत ग्राम मुसुरपुट्टा में आयोजित वार्षिक सभा के पश्चात गुरुवार को साहू सदन सालेटोला में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाज की संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक एकता एवं कुरीतियों के उन्मूलन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बैठक में समाज के पदाधिकारियों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वार्षिक सभा के दौरान महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतरजातीय विवाह एवं दहेज प्रकरण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवाओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। समीक्षा बैठक में समाज की एकता बनाए रखने, संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास और नई पीढ़ी को सही दिशा देने के लिए सभी को मिलजुलकर कार्य करना होगा। बैठक में काजूराम साहू, प्रदीप सार्वा, रोमलाल साहू, चुम्मन साहू, लोकनाथ साहू, शिवप्रसाद साहू, थानसिंग साहू, राधेलाल साहू, राकेश साहू, गणेश गंगबेर, गैंदुराम साहू, दिनेश साहू, दिनेश्वरी साहू, गायत्री साहू, भगवती साहू, त्रिभुवन साहू, युधिष्ठिर साहू, मुनिराम साहू, श्यामलाल साहू, अरुण साहू, रोशन साहू, किशोर साहू, ठाकुर राम साहू, लखन गंगबेर, चन्द्रभान साहू, भूपेंद्र साहू, लखनलाल साहू, राजेश कलिहारी, आयतुराम साहू, सोहनलाल साहू, गुलसन साहू, लल्लू साहू एवं ज्ञानेश साहू सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार शिविर में पार्षद मुकेश ने रखीं विभिन्न विकास कार्यों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत नरहरपुर में जनसमस्याओं एवं विकास कार्यों के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। पार्षद मुकेश संचेती ने नगर हित एवं जनसुविधाओं से जुड़े अनेक विषयों पर आवेदन देकर शीघ्र कार्यवाही की मांग की। पार्षद मुकेश ने बताया कि नगर के प्रमुख मार्गों, पेयजल, स्वच्छता, सड़क, विद्युत एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित कई समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं, जिनके निराकरण हेतु सुशासन तिहार शिविर में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की सुविधा एवं विकास को ध्यान में रखते हुए लगातार प्रयास किया जा रहा है। शिविर में दिए गए प्रमुख आवेदनों में थाना चौक से मधु फ्यूल तक गौरव पथ निर्माण, राधाकृष्ण मंदिर के पीछे सफाई व्यवस्था, सरोना मेन रोड स्थित डिवाइडर हटाने, जनपद कार्यालय से इंदिरा आवास तक बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को सुधारने तथा जनपद से मधु फ्यूल तक ट्यूबलर पोल स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग प्रमुख रही। इसके अलावा उन्मुक्त खेल मैदान स्थित मंच के रंग-रोगन एवं जनपद कार्यालय के सामने स्थित गार्डन के सौंदर्यीकरण की मांग भी की गई। वार्ड क्रमांक 09 में दीपक यादव के घर के पास गली की सफाई, पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बाजू गली से धनेश कौशिक के घर तक विद्युत पोल विस्तार, खेमराज गंजीर के घर से भीमराज स्वर्ण के घर तक सीसी सड़क मरम्मत तथा वाटर एटीएम सुधारने संबंधी आवेदन दिए गए।



मुकेश संचेती

### पीएम श्री विद्यालय चारामा के छात्रों का 10वीं व 12वीं में शानदार प्रदर्शन

**चारामा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा परिणामों में फिर पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, चारामा के मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ अपने माता-पिता और शिक्षकों का मान बढ़ाया। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, चारामा के कक्षा 12 वीं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर सफलता के झंडे गाड़ दिए। मोनालिका साहू ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया, वहीं डिंपल कुबेर ने 89.4 प्रतिशत और आशिका सोनकर ने 88.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। शिक्षकों ने बताया कि विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई, अनुशासन और कठिन परिश्रम का ही यह परिणाम है। इसके अलावा हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्राची बोथरा ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 90 प्रतिशत क्लब में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अलावा डिंपल सेन ने 95.2 प्रतिशत, श्रुति सोनकर ने 95 प्रतिशत, गायत्री सोनकर ने 94.5 प्रतिशत, आयुष सिन्हा ने 94 प्रतिशत, रुशिल गायकवाड़ ने 92.7 प्रतिशत तथा मोक्ष साहू ने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# कानून व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, आपात प्रतिक्रिया एवं सुरक्षा व्यवस्था का कराया गया पूर्वाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत, प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से 07 मई को अंतागढ़ अनुभाग क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतागढ़ आशीष बंछोर के मार्गदर्शन में एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अंतागढ़ शुभम तिवारी के पर्यवेक्षण में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण सह मॉकड्रिल आयोजित किया गया। आयोजित मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल को किसी भी आपातकालीन परिस्थिति, भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील घटनाओं, आकस्मिक कानून व्यवस्था की स्थिति एवं सुरक्षा संबंधी चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए प्रशिक्षित एवं तैयार करना रहा। अभ्यास के दौरान बल को त्वरित प्रतिक्रिया, सामूहिक कार्यवाही ,समन्वय, सुरक्षा रणनीति एवं आपदा जैसी परिस्थितियों में कार्यवाही संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा बल को विभिन्न परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली रणनीति के दौरान आधुनिक दंगा नियंत्रण उपकरणों, उन्नत बलवा रोधी सुरक्षा संसाधनों, बॉडी प्रोटेक्शन गियर, टियर गैस, शील्ड, हेलमेट,सुरक्षा घेराबंदी, संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्यवाही एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



- *मॉकड्रिल में जिला पुलिस बल डीआरजी एवं सीएएफ जवानों ने लिया भाग*

**एसपी ने दिए दिशा-निर्देश**

*माकड्रिल में थाना अंतागढ़, सिकसोड़, कोयलीबेड़ा, आमाबेड़ा, ताड़ोकी एवं रावघाट थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। इसके साथ ही डीआरजी टीम एवं सीएएफ कैंप के जवानों ने भी सहभागिता करते हुए संयुक्त रूप से पूर्वाभ्यास किया। विभिन्न टीमों को अलग-अलग परिस्थितियों के अनुरूप रिस्पांस देने का अभ्यास कराया गया, जिससे समन्वय क्षमता एवं कार्यकुशलता को और बेहतर बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता, अनुशासन एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए तथा कहा गया कि पुलिस बल को प्रत्येक परिस्थिति में प्रभावी ढंग से कार्यवाही करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। कांकेर पुलिस द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं मॉकड्रिल आयोजित कर पुलिस बल की कार्यक्षमता, समन्वय एवं आपात प्रतिक्रिया क्षमता को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। ताकि आमजन को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।*

# नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों को किया जागरूक

**जगदलपुर।** गुरुवार को ग्राम आड़ावाल में एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के मार्गदर्शन में किया गया। ग्राम सरपंच जयंती कश्यप के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस शिविर में कृषि और संबद्ध विभागों के विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को आधुनिक खेती और पशुपालन के गुर सिखाए। शिविर के दौरान कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों ने ग्रामीण विकास के लिए तकनीकी नवाचारों पर जोर देते हुए नील हरित शैवाल के लाभ, उन्नत नस्लों के चयन और पराली प्रबंधन जैसी ज्वलंत समस्याओं के समाधान पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. जागेश्वरी तिग्गा और वेणुलता कोड़ोपी जैसे विशेषज्ञों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कैसे किसान इन सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं।



# सरकार गांव, गरीब, किसान और मजदूरों के हित में कार्य कर रही : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने और आम जनता को बेहतर सड़क एवं अधोसंरचना उपलब्ध कराने की दिशा में ग्राम पंचायत बिंता में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल ने 1148.52 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को विकास की बड़ी सौगात दी। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सड़क, पुल-पुलिया, सामुदायिक भवन एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से गांवों की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क संपर्क स्थापित होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और आवागमन की सुविधाएं मजबूत होंगी तथा किसानों और ग्रामीणों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों को स्वीकृति मिली है।



## ग्राम जामपारा और भैंसाकान्हर में शिविर का किया आयोजन

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में वैज्ञानिकों ने सिखाई नई तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

गरूक करने के उद्देश्य से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम जामपारा और भैंसाकान्हर में कृषि शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, प्राकृतिक उर्वरक निर्माण और फसल सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में कृषि अधिकारी महात्मा तरेता ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और युद्ध संकट के कारण भविष्य में रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। ऐसे में किसानों को वैकल्पिक व्यवस्था के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने किसानों को बीजीए ब्लू ग्रीन एल्गी के माध्यम से प्राकृतिक नाइट्रोजन उर्वरक तैयार करने की विधि का जीवंत प्रदर्शन कर बताया कि किसान अपने घर या खेत के छोटे से स्थान में कम लागत में उर्वरक तैयार कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को 100 ग्राम मदर कल्चर निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। किसान 2 मीटर लंबा, 1 मीटर चौड़ा और 1 फीट गहरा पॉलीथीन टैंक बनाकर उसमें पानी, बीजीए कल्चर, एसएसपी, चुना और काली मिट्टी डालकर मात्र 15 दिनों में जैविक उर्वरक तैयार कर सकते हैं। यह उर्वरक प्रति हेक्टेयर 25 से 30 किलो यूरिया की पूर्ति करने में सक्षम है।



**बीजोपचार और रोग नियंत्रण की दी जानकारी**

कृषि महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉ. अभिषेक शोरी ने किसानों से संवाद करते हुए उन्नत कृषि तकनीकों, बीज उपचार, रोग नियंत्रण, फसल चक्र परिवर्तन, अंतरवर्गीय खेती और लाभकारी फसलों की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाकर उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने के उपाय भी बताए। कार्यक्रम में उत्तम सिंहा, सरपंच संतोषी कुमेटी, एडीओ मनोज सरकार, कृषि अधिकारी प्रवीण कवाची, उद्यानिकी अधिकारी संतोषी बघेल, पशु चिकित्सा अधिकारी विजया नागवंशी, मत्स्य निरीक्षक कांतिलाल कोर्राम, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर राधेलाल देवांगन, किसान मित्र रमन कोसमा सहित किसान उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411